इस प्रश्न–पत्र में 47 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

कोड नं. **71/S/216/A1/H**

अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

# गृह विज्ञान
# (216)

Serial No.

**परीक्षा का दिन व दिनांक** ____________________

**निरीक्षकों के हस्ताक्षर** 1. ____________________

2. ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) अथवा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
6. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।
7. प्रश्न–पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा।
8. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड नं. 71/S/216/A1/H लिखें।
9. (क) प्रश्न–पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी **एक** भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# गृह विज्ञान
# (216)

**समय** : 2½ **घण्टे**] [**पूर्णांक** : 85

---

**निर्देश :**
(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **47** प्रश्न है ।
(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं ।
(iv) खण्ड – 'अ' के अनुसार हैं ।
   (a) प्र. सं. **1** से **19** - प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न – **1** अंक का है । इन सभी प्रश्नों में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें एवं लिखें ।
   (b) प्र. सं. **20** से **31** - वस्तुनिष्ठ प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं । इन प्रश्नों का प्रत्येक प्रश्न में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।
(v) खण्ड – 'ब' के अनुसार है ।
   (a) प्र. सं. **32** से **41** - **2** अंकों के अति लघु–उत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न हैं जिनका उत्तर **30** से **50** शब्दों में दीजिए ।
   (b) प्र.सं. **42** से **45** - **3** अंकों के लघु उत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न हैं जिनका उत्तर **50** से **80** शब्दों में दीजिए ।
   (c) प्र.सं. **46** से **47** - **5** अंकों के दीर्घ उत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न हैं जिनका उत्तर **80** से **120** शब्दों में दीजिए ।

**सामान्य अनुदेश :**

(1) **सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।**

(2) **इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए** 15 **मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण दोपहर में** 02.15 **बजे किया जाएगा। दोपहर** 02.15 **बजे से** 02.30 **बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।**

## खण्ड – अ

**1.** चीनी परिरक्षण में मदद करती है क्योंकि यह पानी में घुल जाती है और **[1]**

(A) सूक्ष्मजीवों के लिए उपलब्ध पानी को कम करती है

(B) भोजन को मीठा बनाती है

(C) भोजन पर एक परत बनाती है

(D) भोजन में एसिड को कम करती है

**2.** हेपेटाइटिस का उद्‌भवन अवधि क्या है **[1]**

(A) 1-3 दिन (B) 5 से 6 दिन

(C) 10 दिन (D) 20-35 दिन

**3.** एनीमिया से बचने के लिए गर्भवती महिलाओं को ............ से भरपूर मात्रा खाद्‌य पदार्थ सम्मिलित करने चाहिए । **[1]**

(A) कैल्शियम (B) आयरन

(C) रेशा (फाइबर) (D) प्रोटीन

**4.** आप समय की पाबंदी से क्या समझते हैं? **[1]**

(A) ऑफिस में सभी का सम्मान करना (B) समय पर पहुँचना

(C) सभी कामों का समान रूप से सम्मान करना (D) गुस्से पर काबू रखना

**5.** 20,000/- के सामान की शिकायत करने के लिए आप किस उपभोक्ता फोरम में जाएंगे? **[1]**

(A) जिला (B) राज्य

(C) राष्ट्रीय (D) लोक अदालत

**6.** स्टीमिंग एक ऐसा तरीका है जिसमें भोजन **[1]**

(A) सीधे पानी के संपर्क में आता है (B) जलवाष्प की गर्मी से पकता है

(C) को गर्म पानी में डुबोया जाता है (D) क्वथनांक से नीचे पकाया जाता है

**7.** आपने अनाज में छोटे–छोटे छेद देखे, यह बताता है कि यह खराब हो रहा है, इसका कारण है **[1]**

(A) एंजाइम (B) बैक्टीरिया

(C) सूक्ष्मजीव (D) कीड़े

8. इनमें से कौन सी बीमारी मरीज़ के सीधे संपर्क में आने से नहीं होती है? [1]

(A) डिप्थीरिया (B) हरपीज

(C) एड्स (D) हैजा

9. लोग ......... प्रदूषण के कारण लोग श्वासनली शोध (ब्रोंकाइटिस) से पीड़ित हैं। [1]

(A) हवा (B) ध्वनि

(C) पानी (D) भूमि

10. चबाने और निगलने में कठिनाई किस बीमारी के लक्षण हो सकते हैं? [1]

(A) हेपेटाइटिस (B) टेटनस

(C) काली खांसी (D) तपेदिक

11. कपड़ों को साफ करने और उन्हें अधिक शोषक बनाने के लिए कौन सी परिसज्जा की जाती है? [1]

(A) सेनफोराइजेशन (B) कैलेंडरिंग

(C) चर्मपत्रिकरण/पार्चमेंटीकरण (D) स्कोअरिंग

12. इनमें से कौन सी गतिविधि आप सप्ताह में एक बार करेंगे? [1]

(A) बिस्तर बनाना (B) मकड़ी के जाले साफ़ करना

(C) बर्तन साफ़ करना (D) फ़र्श साफ़ करना

13. एक ही समय में दो या दो से ज्यादा काम करने को क्या कहते हैं? [1]

(A) अनुक्रमण (B) डोवेटेलिंग

(C) पीक लोड अवधि (D) समूहीकरण

14. गर्भावस्था का पहला संकेत है [1]

(A) जी मचलना (B) स्तन में बदलाव

(C) मासिक धर्म न आना (D) बार–बार पेशाब आना

15. आप घर पर अमचूर पाउडर बनाना चाहते हैं, आप कौन सा तरीका चुनेंगे? [1]

(A) निर्जलीकरण (B) अचार बनाना

(C) पाश्चाराइजेशन (D) स्टेरिलाइज़ेशन

16. पर्यावरण प्रदूषण कम करने के लिए लोगों को इनमें से किसे छोड़कर बाकी सभी को अपनाना चाहिए। [1]

(A) पेड़ लगाना (B) कम्पोस्टिंग

(C) प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल (D) सैनिटरी शौचालय का इस्तेमाल

17. किशोर सोचते हैं कि वे अनोखे हैं और उनके साथ कुछ भी गलत नहीं हो सकता। यह उनकी कौन सी संज्ञानात्मक विशेषता को दर्शाता है? [1]

(A) आदर्शवादिता (B) काल्पनिक दर्शक

(C) व्यतिगत आख्यान (D) अमूर्त विचारधारा

18. गलती से, कुली से आपका एक छोटा बैग गिर गया, जिसमें आपके पुराने कपड़े थे। आपकी ट्रेन चल पड़ी है। अब आप क्या करेंगे? [1]

(A) उस पर चिल्लाओ

(B) उसे अपनी असुविधा बताओ

(C) उसे अपना संपर्क पता और नंबर दें, अगर उसे बैग मिल जाए

(D) उसकी रिपोर्ट पुलिस को करें

19. सूचना के अधिकार का उल्लंघन तब होता है जब दुकानदार [1]

(A) बहुत सारे ब्रांड दिखाए (B) पर्चे दिखाने से मना कर दे

(C) रियायती दर पर राशन दें (D) ऊंचे दाम वसूलता है

20. कॉलम I और कॉलम II का मिलान करें : [2]

| | |
|---|---|
| (A) मेंहदी | (i) बोरेक्स |
| (B) रक्त | (ii) मिथाइलेटेड स्पिरिट |
| (C) पुरानी कॉफी | (iii) गर्म दूध |
| (D) नेल पॉलिश | (iv) डाइल्यूटेड अमोनिया |

21. अपना समय और ऊर्जा बचाने के लिए निम्नलिखित गतिविधियों को सही क्रम में व्यवस्थित करें। [2]

(A) कपड़े धोना (B) कपड़ो में स्टार्च लगाना

(C) दाग हटाना (D) कपड़े भिगोना

22. सही या गलत बताएं : [2]

(i) माता–पिता अपने बच्चों पर मीडिया के नकारात्मक प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।

(ii) सामाजिक व्यवहार सामाजिक नियमों और उम्मीदों का समूह है, जिसके द्वारा समाज अपने सदस्यों के व्यवहार को नियंत्रित करता है।

(iii) किशोर अपने माता–पिता से स्वीकृति की उम्मीद करते हैं और उनकी स्वीकृति जीतने के लिए अपना व्यवहार भी बदल लेते हैं।

(iv) लड़कियों को मासिक धर्म के दौरान घर के अंदर रहना चाहिए।

23. कॉलम I और कॉलम II को मिलाएं : [2]

| | |
|---|---|
| (A) इवेंट मैनेजर | (i) टीचिंग |
| (B) शोरूम में कर्मचारी | (ii) आर्ट्स और क्राफ्ट्स |
| (C) छोटे बच्चों के लिए स्कूल में डे केयर | (iii) रिसोर्स मैनेजर और कंज्यूमर एजुकेशन |
| (D) घर से संचालित क्राफ्ट केंद्र | (iv) इंटीरियर डेकोरेशन |

**24.** रिक्त स्थान भरें : **[2]**

(i) खिचड़ी पोषण बढ़ाने की .......... विधि का एक उदाहरण है।

(ii) दूध के पॉलीबैग को धूप में नहीं रखना चाहिए क्योंकि इससे विटामिन ......... खत्म हो जाता है ।

(iii) तेल को बार–बार गर्म करने पर उसकी क्वालिटी .......... हो जाती है ।

(iv) तलते समय, तेल का तापमान ........ C हो जाता है ।

**25.** सही या गलत बताएं : **[2]**

(i) भोजन के आस–पास की हवा में सूक्ष्मजीव होते हैं

(ii) संरक्षण अतिरिक्त उपज का ध्यान रखता है

(iii) कम नमक वाले अचार की शेल्फ लाइफ ज्यादा होती है

(iv) कैनिंग में खाने को कम तापमान पर ठंडा किया जाता है

**26.** सही या गलत बताएं : **[2]**

(i) सभी एक जैसी प्लेट, कटोरी और चम्मच एक साथ धोने चाहिए ।

(ii) परिवार का आकार परिवार के खर्च को प्रभावित करता है ।

(iii) बजट बनाने से आय और खर्च में बैलेंस बनाने में मदद मिलती है ।

(iv) आराम और फुरसत में बिताया गया समय पीक लोड पीरियड कहलाता है ।

**27.** रिक्त स्थान भरें : **[2]**

(i) रसोई–घर में खिड़कियों, दरवाजों और रोशनदान के अलावा, बासी हवा निकालने के लिए ........ लगवाना चाहिए ।

(ii) अगर कमरे अंधेरे और सीलन वाले हों तो संक्रमण और फंगल बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है ।

(iii) बाथरूम का फर्श .......... होना चाहिए ।

(iv) बैठक कक्ष, बिल्डिंग के ........... के पास होना चाहिए ।

**28.** सही या गलत बताएं : **[2]**

(i) आठ साल के बच्चों को सामूहिक खेल खेलना पसंद होता है ।

(ii) अनुमेय अनुशासन शैली में, माता–पिता अपने बच्चों के साथ पूरी तरह से शामिल होते हैं ।

(iii) जीवन चक्र का संकुचन चरण तब शुरू होता है जब पहला बच्चा घर छोड़ता है ।

(iv) डे केयर का समय लचीला होना चाहिए ।

**29.** कॉलम I और कॉलम II का मिलान करें : **[2]**

| | |
|---|---|
| (A) ब्लीचिंग | (i) सोडियम हाइड्रॉक्साइड |
| (B) सफाई | (ii) हल्का अम्ल |
| (C) पार्चमेंटाइजेशन | (iii) हाइड्रोजन पेरोक्साइड |
| (D) मर्सराइजेशन | (iv) साबुन का घोल |

**30.** सही या गलत बताएं : **[2]**

(i) सभी गतिविधियों को समय नियोजन से पहले सूचीबद्ध किया जाना चाहिए,

(ii) खरीदारी एक अनम्य गतिविधि है

(iii) संतुलन प्रत्येक गतिविधि के लिए समय का समायोजन है

(iv) समय योजना को बदलना नहीं चाहिए

**31.** सही या गलत बताएं : **[2]**

(i) सभी को सूती अधोवस्त्र पहनने चाहिए ।

(ii) स्थितियों पर स्वस्थ और सकारात्मक तरीके से प्रतिक्रिया देकर नकारात्मक भावनाओं को कम किया जा सकता है ।

(iii) किशोरों को किसी पर भरोसा नहीं करना चाहिए ।

(iv) यदि आप अपनी ताकत को देखते हैं तो आत्म अवधारणा उच्च हो सकती है ।

## खण्ड – ब

**32.** घर पर मटर फ्रीज़ करते समय आप कौन सी चार सावधानियां बरतेंगे? **[2]**

अथवा

आपके भाई ने सेब धोकर काट लिए हैं । उन्हें जैम बनाने का आगे का तरीका बताएं ।

**33.** खाना पकाने की भाप और उबालने की विधियों के बीच दो अंतर लिखिए । **[2]**

अथवा

भोजन में अंकुरित खाद्य पदार्थ शामिल करने के दो लाभ बताइए ।

**34.** संचारी/संक्रामक रोगों को रोकने के लिए आप कौन सी चार सावधानियां अपनाएंगे? **[2]**

**35.** कपड़ो को रंगने के चार स्तर कौन से हैं? **[2]**

**36.** घर पर अपने घरेलू कामों को आसानी से करने के लिए कोई चार सुझाव दीजिए । **[2]**

**37.** समय योजना बनाने के चार चरण लिखिए । **[2]**

**38.** गर्भावस्था के दौरान नियमित चिकित्सकीय जांच करवाना ज़रूरी क्यों होता है? इसके चार कारण बताएं । **[2]**

39. समाज में मूल्यों का पालन न करने के चार परिणाम क्या हो सकते हैं? [2]

40. उपभोक्ता संगठन किन चार तरीकों से उपभोक्ताओं की मदद करते हैं? [2]

अथवा

एक उपभोक्ता की कोई चार ज़िम्मेदारियाँ लिखें।

41. बढ़ती महंगाई की वजह से परिवार अपनी ज़रूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें अपने खर्च कम करने के चार तरीके बताएं। [2]

अथवा

अपने परिवार के एक महीने के खाने के खर्च को रिकॉर्ड करने के लिए एक प्रारूप तैयार करें।

42. सेप्टिक टैंक पर आधारित शौचालय बनाने के छह लाभ क्या हैं? [3]

अथवा

अपने घर के कमरों को गंदा न होने देने के लिए किन छह बातों का ध्यान रखना चाहिए।

43. आलू और मेथी को पकाते समय उनके पोषक तत्व नष्ट होने के किन्हीं छह कारणों का विश्लेषण करें। [3]

44. दुनिया में ध्वनि प्रदूषण बढ़ने के कोई छह कारण बताएं। [3]

अथवा

वायु को प्रदूषित होने से रोकने के कोई छह उपाय सुझाइए।

45. घर के कोई काम गैर–ज़रूरी हैं और उनसे बचा जा सकता है। ऐसे कोई तीन काम बताएं। ऊर्जा बचाने के लिए इनमें सुधार के लिए एक – एक सुझाव दें। [3]

46. किशोरों को नकारात्मक सहकर्मी दबाव से निपटने के लिए पाँच सुझाव दें। [5]

अथवा

ऐसे कोई चार तरीके सुझाइए जिससे आपकी नवविवाहित बहन अपने ससुराल वालों के साथ अच्छे संबंध बना सके।

47. सूती कपड़े धोते समय कौन सी पाँच सावधानियां बरतनी चाहिए? [5]

अथवा

कपड़ो से दाग हटाते समय कौन सी पाँच सावधानियां बरतनी चाहिए?

◆ ◆ ◆